Maharana Pratap University of Agriculture &Technology, Udaipur
COLLEGE OF COMMUNITY & APPLIED SCIENCES

XXIII Biennial Workshop of All India Coordinated Research Project on H Sc
☎: Office: 2471616 (O), Email: sumanfrm@gmail.com, ucaicrphsc05@gmail.com, website: www.chscudaipur.ac.in

दिनांक : 15.02.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

उदयपुर, दिनांक 15 फरवरी, 2019 महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की संघटक इकाई समुदाय एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना गृहविज्ञान के 23 वे द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घघाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एन.एस.राठौड़, उपमहानिदेशक (शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,नई दिल्ली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.यू. एस. शर्मा, माननीय कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने की। कार्यकम के मुख्य अतिथि प्रो.राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य परियोजना की उपलब्धियो एवं कमियो का विश्लेषण करना है । उन्होंने बताया कि एक सफल वैज्ञानिक को जिम्मेदार, जागरूक, समग्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, समरूप एवं धैर्यवान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष को ध्यान में रखते हुए गृह वैज्ञानिको को ऐसी तकनीक विकसित करनी चाहिए जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्य हो। कार्यकम के प्रारम्भ में प्रो. अभय कुमार मेहता , निदेशक अनुसंधान ने अतिथिओ एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और बताया कि इस कार्यशाला में देश के 11 राज्यों के 70 वैज्ञानिक भाग ले रहे हे। कार्यकम के अध्यक्ष महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. उमाशंकर शर्मा ने कहा की ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन से वैज्ञानिको को कार्य करने की एक नयी दिशा प्राप्त होती है। परियोजना के अंतर्गत तकनीकी विकास एवं हस्तानांतरण के द्वारा महिला विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। डॉ. ऋतू सिंघवी, अधिष्ठाता समुदाय एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय ने अतिथियो एवं प्रतिभागियों का कार्यकम में भाग लेने हेतु आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की गतिविधियो के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की महाविद्यालय का नाम बदलने के पश्चात् लडको का भी प्रवेश अच्छी संख्या में हो रहा है। इस अवसर पर वैज्ञानिको द्वारा गृह विज्ञान के विभिन्न विषयो पर तैयार पाठ्यसामग्री का विमोचन भी किया गया। कार्यकम के अंत में आयोजन सचिव प्रो. सुमन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उद्धघाटन समारोह के पष्चात महाविद्यालय में नव निर्मित ''रूरल टेक्नोलॉजी सेन्टर'' का उद्धघाटन किया गया इस सेन्टर पर ग्रामीण महिलाओ के लिए उपयोगी तकनीकीओ का प्रदर्शन किया गया।

प्रो. सुमन सिंह

छात्र कल्याण अधिकारी एवं आयोजन सचिव